**क्रांति समय**
हिन्दी दैनिक अखबार में विज्ञापन, प्रैस नोट, जन्म दिन की शुभकामनाएँ, या अपने विस्तार में किसी भी समस्या को अखबार में प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें:-
बी-4 घंटी वाला कॉम्पलेक्ष उधना तीन रास्ता, उडुप्पी होटल के बगल में, सूरत-394210
मो. 9879141480

दैनिक
# क्रांति समय

RNI.No. : GUJHIN/2018/75100

**क्रांति समय**
हमारे यहां पर एल.आई.सी., कार-बाईक-ट्रक का इन्सयोरेंशन, रेल टिकट, एयर टिकट बनवाने के लिए संपर्क करें:-
बी-4 घंटी वाला कॉम्पलेक्ष उधना तीन रास्ता, उडुप्पी होटल के बगल में, सूरत-394210
मो. 8980974047

संपादक : सुरेश मौर्या मो. 9879141480
E-mail: krantisamay@gmail.com
सूरत, वर्ष: 02 अंक: 90, बुधवार, 24 अप्रैल, 2019, पेज: 4, मुल्य 1 रु.
रजीस्ट्रड ऑफिस:- 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात
Email: krantisamay@gmail.com Web site : www.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पहला कॉलम

### राहुल गांधी का मोदी को चैलेंज, बोले- आईए मेरे साथ डिबेट करें



**जबलपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने मोदी को राफेल मामले और भ्रष्टाचार को लेकर डिबेट करने के लिए खुली चुनौती भी दी है। दरअसल, राहुल गांधी जबलपुर से प्रत्याशी विवेक तन्खा की चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। राहुल ने कहा कि मैनें पीएम मोदी को चैलेंज किया कि नरेंद्र मोदी आइए भ्रष्टाचार और राफेल मामले के बारे में डिबेट करें। लेकिन वे इसके बाद हिंदुस्तान की जनता को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे। अनिल अंबानी को राहुल गांधी ने चोर करार दिया। हिदुस्तान के किसान कर्जा नहीं देते, वे जेल के अंदर होते हैं। किसानों के साथ पीएम मोदी अन्याय कर रहें हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान मैने कहा था कर्जा माफ होगा और हुआ भी। कांग्रेस चुनाव जीतेगी और हर गरीब के बैंक अकांउट में सालाना 72 हजार रूपए आएंगे। यह पैसा महिलाओं के बैंक अकांउट में जाएगा। राहुल गांधी ने ऐलान करते हुए कहा 2019 लोकसभा चुनाव कांग्रेस ही जीतेगी।

### ऑफ द रिकॉर्ड: नरेन्द्र मोदी की बारामती रैली रद्द

**नेशनल डेस्क।** प्रधानमंत्री मोदी ने बारामती की अपनी रैली को रद्द कर एन.सी.पी. सुप्रीमो शरद पवार को यह संदेश साफ दे दिया है कि चुनावों के बाद वह उनके साथ काम कर सकते हैं। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले यहां से भाजपा नेता कंचन कुल के सामने चुनावी समर में हैं। यहां मोदी ने खुद रैली को संबोधित करने की बजाय अमित शाह को भेजा। इस सीट पर मंगलवार को चुनाव होगा। भाजपा के स्थानीय नेता मोदी का इंतजार कर रहे थे ताकि वह यहां आकर पवार के वर्चस्व को चुनौती दे सकें। मोदी ने महाराष्ट्र में पिछली 7 रैलियों में पवार पर वंशवाद की राजनीति को लेकर जमकर हमला बोला था, लेकिन अपनी रैली को रद्द कर कुछ हद तक मोदी ने एन.सी.पी. को राहत दी है, वहीं भाजपा कार्यकर्त्ताओं को निराश किया है। हालांकि जो यह जानते हैं कि मोदी बिना कारण कुछ नहीं करते । मोदी को ऐसी फीड बैक मिली है कि महाराष्ट्र की 48 सीटों में से एन.सी.पी. को 9-12 व कांग्रेस को 8-10 सीटें मिलने का अनुमान है। इसलिए मोदी की सोच है कि अगर लोकसभा में उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो वह एन.सी.पी. टाइप दलों से समर्थन ले सकते हैं। लातूर में एक जनसभा में कांग्रेस के साथ जाने पर पवार के विवेक पर सवाल किया था और हैरानी जताई थी। उन्होंने कहा कि पवार जैसे सम्मानित नेता को कांग्रेस जैसी बांटने वाली पार्टी के साथ नहीं जाना चाहिए। यही बात उन्होंने अहमदनगर में भी कही थी।

### भूखे मर जाएंगे तब जाकर शायद सरकार को हमारी याद आएगी: पीएचई कर्मी

**कठुआ ।** पी.एच.ई. विभाग के अस्थायी कर्मियों की हड़ताल जारी है। वर्करों ने मंगलवार को भी कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस दिशा में जल्द कोई कदम न उठाए तो आंदोलन को और तेज कर दिया जाएगा। यूनियन के शिव नारायण ने कहा कि गत वर्ष के सितंबर माह से वे हड़ताल पर हैं लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए। उनके घरों में परिवार के सदस्यों को खाने के लाले पड़ गए हैं। बच्चों को पढ़ाना तक मुश्किल हो रहा है। ऐसे में सरकार को इस दिशा में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बार बार अधिकारियों और सरकार के नुमाइंदों से गुहार लगाने के बावजूद कुछ नहीं हो पाया। हर बार आश्वासनों के सिवाय उन्हें कुछ हासिल नहीं हो पाया है।

## शर्त छोड़ें केजरीवाल, दिल्ली में अभी कर लेंगे गठबंधन: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की मंगलवार (23 अप्रैल) को आखिरी तारीख है ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने आखिरी सेकंड तक आम आदमी पार्टी से गठबंधन के लिए के लिए तैयार रहने की बात कही है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस दिल्ली में 4+3 के फॉर्मूले पर आप से गठबंधन करने को तैयार हैं लेकिन इसके लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हरियाणा में गठबंधन की शर्त छोड़नी होगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खुद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए 4+3 का फॉर्मूला दिया था लेकिन तब कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं थी। राहुल ने कहा कि जब हम 4+3 के फॉर्मूले पर तैयार हुए तो केजरीवाल ने हरियाणा की शर्त जोड़ दी। राहुल ने कहा कि हम स्पष्ट है कि हरियाणा की शर्त हमें मंजूर नहीं हैं। नाम वापसी की समयसीमा तक भी गठबंधन की उम्मीद रखी जाए? के सवाल पर राहुल ने कहा कि हम तो आखिरी सेकंड तक की बात कह रहे हैं। बस जब केजरीवाल अपनी शर्त छोड़ देंगे उसी वक्त दोनों पार्टियों में गठबंधन हो जाएगा। वहीं लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आरंभ होने के बाद राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि देश के युवा हर भारतीय के लिए न्याय चाहते हैं और ऐसे में वे समझदारी से वोट करेंगे। गांधी ने एक लघु फिल्म शेयर करते हुए ट्वीट किया कि पूरे भारत में युवा वोट के लिए निकल रहे हैं। उनमें से कई तो पहली बार वोट कर रहे हैं। उनके हाथों में ही भारत का भविष्य है। मुझे पूरा विश्वास है कि वे हर भारतीय के लिए न्याय चाहते हैं और समझदारी से वोट करेंगे।गौरतलब है कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया है कि सरकार बनने पर वह न्यूनतम आय योजना (न्याय) के तहत देश के पांच करोड़ गरीब परिवारों को सालाना 72 हजार रुपए देगी।

## सपा ने मोदी के खिलाफ खोले पत्ते, वाराणसी से महिला को दी टिकट



**लखनऊ (एजेंसी)।**

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने के लिए शालिनी यादव को वाराणसी में सपा-बसपा के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है। शालिनी यादव को एक कमजोर प्रत्याशी के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक हलकों में उनकी कोई खास पहचान भी नहीं है। इससे पहले साल 2017 में उन्होंने वाराणसी से कांग्रेस के टिकट पर मेयर का चुनाव लड़ा था जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। शालिनी यादव राज्यसभा के पूर्व उप सभापति श्यामलाल यादव की बेटी हैं। समाजवादी पार्टी के सूत्रों के अनुसार क्षेत्र का कोई भी बड़ा पार्टी नेता इस सीट से मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने को तैयार नहीं था। इसलिए पार्टी ने यहां से शालिनी को लड़ाने का फैसला किया। शालिनी ने सोमवार शाम को ही समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। शालिनी ने संवाददाताओं से कहा, मैं अखिलेश यादव जी के मार्गदर्शन में अपनी पूरी क्षमता से कार्य करूंगी और भाजपा से सीट छीनने का पूरा प्रयत्न करूंगी। युवा हमारे साथ हैं और अगर प्रयास किया जाए तो कुछ भी हासिल करना नामुमकिन नहीं है। साल 2009 में भाजपा उम्मीदवार मुरली मनोहर जोशी ने यह सीट जीती थी।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल को 3.75 लाख वोटों के बड़े अंतर से हराया था।

इसके बाद से यह वीवीआईपी सीट बन गई है। वाराणसी में मतदान अंतिम चरण में 19 मई को होना है।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार अरविंद केजरीवाल को 3.75 लाख वोटों के बड़े अंतर से हराया था। इसके बाद से यह वीवीआईपी सीट बन गई है। वाराणसी में मतदान अंतिम चरण में 19 मई को होना है।

## चौकीदार मजबूत सरकार-देश के लिए मजबूत चौकीदार की जरूरत: मोदी

**बालेश्वर (एजेंसी)।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूत सरकार और मजबूत देश के लिए मजबूत चौकीदार को जरूरी बताते हुए मंगलवार को लोगों से राज्य और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में लाने के लिए उसके पक्ष में मतदान करने की अपील की। मोदी ने बस्ता में विजय संकल्प समावेश को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आयी तो 'सबकी सुरक्षा और सबका सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि चौकीदार सभी के जीवन को आसान और सुरक्षित बना रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें स्पष्ट संकेत मिले हैं कि ओडिशा में कमल खिलेगा और अगली सरकार भाजपा की होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जब तीन वर्ष पहले बालेश्वर आए थे, ओडिशा बदलाव के लिए पुकार रहा था। इस विजय संकल्प समावेश में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि ओडिशा में बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने लोगों से भाजपा को राज्य की जनता की सेवा का एक मौका देने की अपील करते हुए वादा किया कि पांच वर्ष के लिए अवसर मिलने पर पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) के 19 वर्ष के कार्यकाल में हुए कामों का पांच गुना काम करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजद सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है और राज्य सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है जिसके परिणामस्वरूप ओडिशा में पर्याप्त विकास नहीं हो सका है। बीजद सरकार पर खनन और चिट फंड जैसे कई घोटालों में लिप्त रहने और गरीबों का धन लूटने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, 'हम भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं। गरीबों को लूटने वालों को माफ नहीं किया जाएगा।मोदी ने कहा कि बालेश्वर में कई पर्यटन स्थल हैं जिन्हें 20 वर्ष से अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार बनती है तो ओडिशा समृद्ध बनेगा। उन्होंने देश हित के लिए महत्वपूर्ण उपग्रह निरोधक तकनीक को अनदेखा करने के लिए कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 'मिशन शक्ति की सफलता से भारत उपग्रह निरोधक तकनीक रखने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस इस सफलता को गोपनीय रखना चाहती थी और उपस्थित जनसमूह से सवाल किया कि क्या सफलता को गुप्त रखा जाना चाहिए जिसके जवाब लोगों ने 'ना में दिया।

## प्रियंका का 3 दिवसीय पूर्वी उत्तर प्रदेश दौरा आज से



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

कांग्रेस महासचिव और पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार से तीन दिवसीय पूर्वांचल के दौरे पर होंगी। इस दौरान वह फतेहपुर, महोबा, हमीरपुर, झांसी, उरई, जालौन और बाराबंकी लोकसभा सीटों का दौरा करेंगी। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया, 10 दिनों के भीतर फतेहपुर का यह उनका दूसरा दौरा होगा। इससे पता चलता है कि इस सीट पर ध्यान दिया जा रहा है।

प्रियंका बुधवार को फतेहपुर के खागा और गाजीपुर इलाकों में पार्टी उम्मीदवार राकेश सचान के पक्ष में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगी, और बाद में हमीरपुर के महोबा और राठ इलाकों में पार्टी उम्मीदवार प्रीतम लोधी के लिए रोडशो और रैलियों में हिस्सा लेंगी। गुरुवार को प्रियंका पार्टी उम्मीदवार शिव सरण कुशवाहा के लिए झांसी में एक रोडशो करेंगी और उसके बाद घुड़सराय, उरई औरजालौन में पार्टी उम्मीदवार दलित नेता ब्रिज ला खाबरी जालौन में पार्टी उम्मीदवार दलित नेता ब्रिज ला खाबरी के पक्ष में रोडशो करेंगी प्रियंका शुक्रवार को उन्नाव में पार्टी उम्मीदवार अनु टंडन के पक्ष में रोडशो करेंगी और उसके बाद देवा शरीफ व बाराबंकी में सभाओं को संबोधित करेंगी। वह बाराबंकी में कांग्रेस महासचिव पी.एल. पुनिया के पुत्र वह बाराबंकी में कांग्रेस महासचिव पी.एल. पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया के समर्थन में एक रोडशो के साथ अपने दौरे का समापन करेंगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अपने पहले दौरे के तहत प्रियंका ने प्रयागराज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी तक गंगा के रास्ते नौका यात्रा किया था।

### भाजपा के लिए बुरी खबर, प्रज्ञा सिंह ठाकुर पर मामला दर्ज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार साध्वी प्रज्ञा ठाकुर पर बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराए जाने को लेकर दिए गए विवादित बयान पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिला निर्वाचन अधिकारी सुदाम खाड़े के निर्देश पर सोमवार की देर रात को अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व (एसडीएम) संजय श्रीवास्तव ने टीटी नगर थाने में मामला दर्ज कराया। प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ यहां मामला आईपीसी की धारा 188 के तहत दर्ज किया गया है। इस पर निर्वाचन आयोग ने शनिवार को नोटिस जारी कर प्रज्ञा ठाकुर से जवाब मांगा था। प्रज्ञा ठाकुर की ओर से सोमवार को जो स्पष्टीकरण दिया गया था, ।

## सिद्धू के विवादित बयान पर ईसी का एक्शन, 72 घंटों के लिए लगा चुनाव प्रचार पर बैन



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।**

बिहार के कटिहार जिले में विवादित बयान देने के आरोप में चुनाव आयोग ने पूर्व क्रिकेटर और पंजाब कैबिनेट में मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू पर 72 घंटों के लिए चुनाव प्रचार करने पर बैन लगा दिया है। चुनाव आयोग ने सिद्धू पर यह बैन उनके द्वारा कटिहार व पूर्णिया की रैली में मुस्लिमों से एकजुट होकर वोट करने की अपील के बाद लगाया है। चुनाव आयोग ने सिद्धू को नोटिस जारी किया था। यह बैन 23 अप्रैल सुबह 10 बजे से प्रभावी माना जाएगा। गौरतलब है कि 16 अप्रैल को बिहार के कटिहार की बारसोई और बराड़ी विधानसभा में कांग्रेस प्रत याशी के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता सिद्धू ने मुस्लिम समुदाय से एकजुट होकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था, मैं अपने मुस्लिम भाइयों को एक ही बात कहने आया हूं कि आप यहां अल्पसंख्यक बनकर भी बहुसंख्यक हो और 62 फीसदी हो। ये आपको बांट रहे हैं। ये बीजेपी वाले आपके वोट को बांटने का प्रयास करेंगे, मैं कहता हूं अगर आप इकट्ठे आ गए तो तारिक साहब को दुनिया की कोई ताकत नहीं हरा सकती। अगर आप एकजुट हो गए तो फिर मोदी सुलट जाएगा....छक्का लग जाएगा....मैं जब जवान था तो मैं भी खूब छक्का मारता था...ऐसा छक्का मारो कि मोदी को यहां बाउंड्री से पार होना पड़े।

## चौकीदार चोर है अभियान थमेगा नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

कांग्रेस ने कहा है कि चौकीदार चोर है उसका एक राजनीतिक अभियान है जो करीब डेढ साल से चल रहा है और यह आगे भी चलता रहेगा लेकिन स्पष्ट किया कि पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी का यह कहने का कभी इरादा नहीं रहा कि उच्चतम न्यायालय ने भी इसे सही माना है और अपनी टिप्पणी के लिए खेद जताया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि च्चौकीदार चोर है का नारा डेढ साल से ज्यादा समय से चल रहा है और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य नेता लगातार इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। गांधी ने उच्चतम न्यायालय में अपने स्पष्टीकरण में बताया है कि उनका इरादा यह कहने का कभी नहीं था कि न्यायालय ने भी माना है कि च्चौकीदार चोर है। उन्होंने स्पष्टरूप से यह कहने के लिए अपनी गलती मानी है और खेद जताया है कि उच्चतम न्यायालय ने भी यह माना है कि च्चौकीदार चोर है। गांधी ने यह भी बताया कि वह न्यायालय की प्रशंसा कर रहे थे। प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस के किसी नेता के लिए यह नारा नया नहीं है। उनके लिए यह पूरी तरह से राजनीतिक अभियान है और पार्टी का यह अभियान थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि च्चौकीदार चोर है एक नारा है लेकिन न्यायालय ने भी इसे माना है यह इरादातन कांग्रेस अध्यक्ष ने कभी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि न्यायालय में यह भी कहा गया है कि वह किसी मुद्दे पर अपना रुख बदल नहीं रहे हैं और इस अभियान को जारी रखेंगे। पार्टी सिंघवी ने कहा कि न्यायालय को यह भी बताया गया है कि भारतीय जनता पार्टी न्यायालय में उठे मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। वह जानबूझकर चुनावी फायदे के लिए इस मामले का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने गांधी की बात सुनी है।

हमने न्यायालय से यह मामला खत्म करने का निवेदन किया था लेकिन मामले को बंद नहीं किया गया है और अगले सप्ताह बुधवार को इस मामले में सुनवाई होगी। प्रवक्ता ने कहा कि न्यायालय के निर्देश के अनुसार विस्तृत स्पष्टीकरण दिया गया है।

## अनंतनाग लोकसभा सीट : कहीं पत्थराव तो कहीं ग्रेनेड, कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान

**श्रीनगर (एजेंसी) ।**

आतंकवाद का गढ़ कहे जाने वाले अनंतनाग संसदीय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षाव्यवस्था के बीच मतदान की प्रक्रिया हुई। सुबह मतदान केंद्रों में बैठे अधिकारी वोटरों का इंतजार करते नजर आए परंतु 8 बजे के बाद लोगों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई। भले इस सीट पर मतदान प्रतिदिन अभी काफी कम है परंतु डुरू, कोकरनाग, शंगस और पहलगाम में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिली। मतदान केंद्रों के आसपास सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। 15 हजार से अधिक सुरक्षा बलों के जवानों को तैनात किया गया है। इनमें सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी के साथ ही राज्य पुलिस भी है। 14 एसएसपी, 60 डीएसपी तथा 100 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों की तैनाती की गई है। अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में कुल 18 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें पीडीपी से महबूबा मुफ्ती, कांग्रेस से गुलाम अहमद मीर, नेशनल कांफ्रेंस से हसनैन मसूदी, भाजपा से सोफी यूसुफ प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं। इनके अलावा पैंथर्स पार्टी के निसार अहमद वानी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के जफ र अली, मानव रचना पार्टी के संजय कुमार धरए प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के सुरिंदर सिंह और निर्दलीय इम्तियाज अहमद राथर, रिडवाना अहमद, रियाज अहमद भट्ट, जुबैर मसूद, शम्स ख्वाजा, अली मोहम्मद वानी, मोहम्मद वानी, मो. कासिर अहमद शेख, मंजूर अहमद खान और मिर्जा सज्जाद हुसैन बेग भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अनंतनाग लोकसभा सीट पर पहले चरण की वोटिंग से पहले सोमवार की रात कई बूथों पर पथराव की सूचना है। साथ ही ग्रेनेड फेंके जाने की भी खबर है। सूत्रों के अनुसार, अनंतनाग जिले के अच्छाबल इलाके के त्राहपुए मागरेपोरा में बूथों पर पथराव किया गया। इस दौरान पथराव कर लगे लोगों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। इससे काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। आतंकियों ने लाजबल में पोलिंग बूथ को निशाना बनाकर ग्रेनेड फेंका। हालांकि, ग्रेनेड बाहर ही फट गयाए जिससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। हालांकिए पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई भी आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का पैतृक कस्बा बिजबिहाडा में भी दोपहर एक बजे तक मात्र 1.3 प्रतिशत मतदान हुआ। माना जा रहा है कि यह स्थिति महबूबा मुफ्ती के लिए बेहतर नहीं है। जिन इलाकों में आतंकवादी मतदान प्रक्रिया में बाधा डाल सकते हैं, ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने किलाबंधी कर रखी है। हालांकि चुनाव आयोग ने यहां शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए यहां मोबाइल इंटरनेट सेवा भी बंद कर रखी है। पी.डी.पी. उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बिजबिहाडा मतदान केंद्र 37-डी में जाकर अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद महबूबा ने उंगली पर लगी स्याही को भी दिखाया। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से अनंतनाग पुलवामा संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे एमएलसी सोफी मोहम्मद युसुफ ने सिरीगुफवारा स्थित पोलिंग स्टेशन बी में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## संपादकीय

# विदूषक बने राष्ट्रपति

आज जहां हास्य-व्यंग्य की दुनिया में खुशी की हलचल होगी, वहीं राजनीति की दुनिया में चिंता के कुछ नए बादल मंडराने लगे हैं। यूक्रेन में एक हास्य कलाकार या विदूषक अभिनेता वोलोदिमीर जेलेंस्की राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। पूर्वी यूरोप के इस देश में जो इतिहास लिखा गया है, उसकी बहुत व्यापक और ईमानदार पड़ताल हो, तो समकालीन दुनिया में लोगों की बदलती मानसिकता का पता चलेगा। ऐसा क्यों हुआ कि यूक्रेन की राजनीति के दिग्गजों को देश के एक चर्चित कॉमेडियन ने धूल चटा दी? जेलेंस्की की जीत कोई तुक्का नहीं है, दो-दो चरणों में वह मतदान की दौड़ में अपने प्रतिद्वंद्वियों से बहुत आगे रहे हैं। उन्हें 70 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले हैं। 41 वर्षीय जेलेंस्की 17 की उम्र से ही लोगों को हंसाने में लगे हैं और राजनीति में उनकी उम्र लगभग एक साल है। आकार में यूरोप का दूसरा सबसे बड़ा देश और परमाणु हथियारों का जखीरा रखने में दुनिया में कभी तीसरे स्थान पर गिना गया यूक्रेन अब एक प्रसिद्ध स्थानीय कॉमेडियन जेलेंस्की के हाथों में है। जेलेंस्की ने देश को भ्रष्टाचार और सीमा पर अलगाववादी ताकतों से मुक्त कराने का वादा किया है। उनके मंत्रिमंडल में चुनाव हारने वाले राष्ट्रपति पोरोशेंको भी हों, तो आश्चर्य नहीं। बहरहाल, यहां पर अब तक के सबसे बड़े कॉमेडियन चार्ली चैपलिन की याद आना स्वाभाविक है। चार्ली राजनीतिक रूप से बहुत सजग थे, लेकिन सीधे राजनीति में उतरने की बजाय उन्होंने फिल्मों के जरिए एकाधिक देशों की सत्ता को प्रभावित किया। उनके मुकाबले जेलेंस्की की ख्याति कुछ नहीं है, लेकिन जेलेंस्की की स्थानीय टीवी के जरिए अर्जित ख्याति का सफर लाजवाब है। वर्ष 2015 में उनकी कंपनी ने सर्वेंट ऑफ द पीपुल  नाम से टीवी धारावाहिक शुरू किया था, जिसमें एक सामान्य शिक्षक के रूप में वह दर्शकों को हंसाते-हंसाते राष्ट्रपति पद पर पहुंच गए। राष्ट्रपति की भूमिका से उन्होंने देश को भ्रष्टाचार मुक्त कराने का आभास कराया। धारावाहिक के नाम से ही मार्च 2018 में राजनीतिक पार्टी बनाई और 31 दिसंबर, 2018 को राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। तीन महीने में ही मतदाताओं ने संकेत दे दिए कि वह परदे के राष्ट्रपति को वास्तविक राष्ट्रपति बनाने जा रहे हैं। यह सब कुछ इतना सिनेमाई है कि धुरंधर राजनेता भी सोचने पर मजबूर हो जाएंगे, ये क्या-कैसे हुआ? क्या लोग नेताओं और उनके प्रचलित ढर्रे से इतने ऊब गए हैं? क्या आज के नेता अपने गंभीर काम पर कम ध्यान दे रहे हैं और अपनी हरकतों-बयानों की वजह से पेशेवर और गैर-पेशेवर विदूषकों को हंसने-हंसाने के अवसर ज्यादा देने लगे हैं? क्या यह राजनेताओं के लिए गौर करने की बात नहीं है कि जेलेंस्की को यूक्रेन का डोनाल्ड ट्रंप कहा जा रहा था? आज राजनीति और समाज में नेतृत्व संभाल रहे लोगों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन अति आवश्यक हो गया है। कहना न होगा, राजनीति जब मुद्दों और जरूरी गंभीरता से भटकती है, तब विदूषकों के लिए जगह तैयार करती है। बेशक, लोकतंत्र में जनता जनार्दन है, उसने जब विश्वास किया है, तो यह हंसने-हंसाने की उम्मीद करने का नहीं, बल्कि यह देखने और इंतजार करने का समय है कि जेलेंस्की यूक्रेन को कहां ले जाएंगे।



## ट्वीट

### भाव

संभवत- मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जो गाहे-बगाहे अपनी सार्वजनिक सभाओं में परमाणविक युद्ध की बात करते हैं। ''हमारे बम दिवाली के लिए तो रखे नहीं गए हैं', यह बात कहीं गहरे पैठी इसी भाव को परिलक्षित करती है।

एम.के. वेणु, वरिष्ठ पत्रकार

# राहत की योजनाओं का व्यावहारिक पक्ष

**भरत झुनझुनवाला**



चुनाव के इस मौसम में दोनों प्रमुख पार्टियों भाजपा तथा कांग्रेस के बीच मतदाता को लुभाने की घोषणायें की जा रही हैं। पहले भाजपा के वित्तमंत्री ने अन्तरिम बजट में ऐलान किया कि हर छोटे किसान के खाते में 6,000 रुपये की रकम प्रति वर्ष सीधे डाल दी जाएगी। इसके बाद कांग्रेस ने ऐलान किया कि यदि वह सत्ता में आई तो गरीब व्यक्ति को यानी केवल छोटे किसान को ही नहीं बल्कि देश के हर गरीब नागरिक के खाते में 6,000 रुपया प्रति माह या 72,000 रुपये प्रति वर्ष की रकम सीधे डाली जाएगी, जिससे वह आपनी मौलिक जरूरतों को पूरा कर सकें। दोनों पार्टियों को यह समझ आ रहा है कि सरकारी योजनाओं से गरीब को राहत पहुंचाने की योजनायें सफल नहीं हुई हैं। इस प्रस्तावित नकद ट्रान्सफर योजना का एक सीधा लाभ यह होगा कि गरीबी पूरी तरह दूर हो जाएगी बशर्ते सभी नागरिकों को इन योजनाओं में शामिल किया जाये। ऐसे नकद ट्रान्सफर को यूनिवर्सल इनकम बेसिक स्कीम अथवा यूबीआईएस कहा जाता है। जैसे यदि केवल बीपीएल धारकों को यह रकम दी जाती है तो यह पर्याप्त नहीं होगा क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि तमाम गरीबों के पास बीपीएल कार्ड नहीं हैं। इसलिए यदि यह योजना सभी देशवासियों के लिए लागू की जाती है तो गरीबी निश्चित रूप से दूर हो जाएगी। इस योजना का दूसरा लाभ होगा कि अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था चल निकलेगी। गरीब के पास धन आएगा तो वह उस रकम से कपड़ा और साइकिल खरीदेगा और अर्थव्यवस्था में मांग और निवेश का सुचक्र स्थापित हो जायेगा। यही रकम यदि कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से व्यय की जाती है तो उसके एक हिस्से का रिसाव हो जाता है। जैसे सोना खरीदने में वह रकम देश से बाहर चली जाती है। सीधे नकद देने में यह रिसाव बंद हो जायेगा और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। तीसरा लाभ होगा कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त नौकरशाही के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल जाएगी। इन सभी लाभों को देखते हुए देशवासियों को सीधे रकम देने की योजना को लागू करना चाहिए। लेकिन सभी को संशय है कि इतनी बड़ी रकम कहां से आएगी? इस संशय को बल इस बात से भी मिलता है कि विश्व में केवल एक देश फिनलैंड ने यूबीआईएस को प्रयोग के रूप में लागू किया था। फिनलैंड ने इस योजना को केवल 2 साल बाद ही त्याग दिया क्योंकि इस योजना को लागू करने का आर्थिक भार बहुत अधिक था। लेकिन एक गणित के अनुसार अपने देश में यह भय निर्मूल है। चूंकि हम बहुत बड़ी रकम कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय कर रहे हैं। देश की सरकार यदि चाहे तो यूबीआईएस के लिये धन जुटा सकती है। गणित इस प्रकार है। केंद्र सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर निम्न प्रकार के खर्च किये जा रहे हैं- खाद्य सब्सिडी पर 140,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष, रोजगार गारंटी एवं दूसरी कल्याणकारी योजनाओं पर 136,000 करोड़ एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर 134,000 करोड़, कुल 410,000 करोड़। इस रकम का आधा यानी 205,000 करोड़ प्रशासनिक खर्च में जाता है। शेष का आधा यानी 102,000 करोड़ बीपीएल परिवारों को मिलता है और शेष का आधा 102,000 करोड़ एपीएल परिवारों को मिलता है, जिसका बीपीएल को नुकसान होगा। केंद्र सरकार द्वारा ही फर्टिलाइजर एवं पेट्रोलियम पर 100,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी हर वर्ष दी जा रही है। इसे समाप्त कर दिया जाये तो एक आंकलन में बीपीएल परिवारों को इसका 5 प्रतिशत यानी 5000 करोड़ का नुकसान होगा। फर्टिलाइजर तथा पेट्रोलियम की सब्सिडी में उनका हिस्सा कम होगा क्योंकि इन माल की खपत बीपीएल द्वारा कम की जाती है। शेष 95,000 करोड़ का घाटा एपीएल परिवारों को होगा। सरकार कुछ रकम अतिरिक्त टैक्स लगाकर अर्जित कर सकती है। अपने देश में पेट्रोल और डीजल की 14,532 करोड़ लीटर की खपत होती है। इस पर 10 रुपये प्रति लीटर का यूबीआईएस सैस लगा दिया जाये तो 140,000 करोड़ रुपये अर्जित हो सकते हैं। इसी प्रकार जीएसटी पर यदि 10 प्रतिशत यूबीआईएस सैस लगा दिया जाये तो 120,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष अर्जित हो सकते हैं। इन दोनों मदों पर 260,000 करोड़ रुपये अर्जित किये जा सकते हैं। इसमें बीपीएल पर भार 10 प्रतिशत यानी 26,000 करोड़ रुपये पड़ेगा, जबकि एपीएल पर भार 90 प्रतिशत यानी 234,000 करोड़ पड़ेगा क्योंकि पेट्रोल एवं अन्य वस्तुओं की अधिकाधिक खपत एपीएल परिवारों द्वारा ही की जाती है। केंद्र सरकार द्वारा आयकर पर यदि 10 प्रतिशत का यूबीआईएस सैस लगा दिया जाये तो 100 करोड़ रुपये अर्जित किये जा सकते हैं, जिसका पूरा भार एपीएल परिवारों पर पड़ेगा क्योंकि बीपीएल परिवार आयकर नहीं देते हैं। उपरोक्त गणना के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा 410,000 करोड़ विभिन्न सब्सिडियों को समाप्त करके, 100,000 करोड़ फर्टिलाइजर एवं पेट्रोलियम सब्सिडी समाप्त करके, 260,000 करोड़ रुपये पेट्रोल एवं जीएसटी पर सैस लगाकर और 100,000 करोड़ इनकम टैक्स पर सैस लगाकर अर्जित किये जा सकते हैं। यह कुल मिलाकर 870,000 करोड़ होती है। इस रकम से 135 करोड़ लोगों को 6,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष दिया जा सकता है। यदि पांच लोगों का परिवार मानें तो यह रकम 30,000 रुपये प्रति परिवार प्रति वर्ष, अथवा 2,500 रुपये प्रति परिवार प्रति माह बैठती है। इस रकम को देने में सरकार पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। अब देखें कि बीपीएल परिवार पर इस योजना का क्या प्रभाव पड़ेगा। बीपीएल को कल्याणकारी योजनाओं के निरस्त होने से 102,000 करोड़ की हानि होगी। फर्टिलाइजर एवं पेट्रोलियम सब्सिडी समाप्त करने से 5,000 करोड़ की हानि होगी। पेट्रोल एवं जीएसटी पर यूबीआईएस सैस लगाने से 26,000 करोड़ की हानि होगी। कुल 133,000 करोड़ की हानि होगी। इसके सामने यूबीआईएस से बीपीएल परिवारों को कुल 870,000 करोड़ का एक-तिहाई यानी 287,000 करोड़ रुपये का लाभ होगा। इस प्रकार बीपीएल परिवारों को 154,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ होगा। एपीएल के लिए भी यह सौदा लाभ का है। उन्हें विभिन्न सब्सिडियों को समाप्त करने से 102,000 करोड़ रुपये की हानि होगी। फर्टिलाइजर एवं पेट्रोलियम की सब्सिडी को समाप्त करने से 95,000 करोड़ रुपये की हानि होगी। पेट्रोल और जीएसटी पर यूबीआईएस सैस से 234,000 करोड़ की हानि होगी और इनकम टैक्स पर सैस लगाने से 100,000 करोड़ की हानि होगी। कुल हानि 531,000 करोड़ होगी। इसके सामने 870,000 करोड़ रुपये की कुल यूबीआईएस राशि में इनका दो-तिहाई हिस्सा होगा। यानी इन्हें 574,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। इस प्रकार इन्हें भी 43,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ होगा। अंतिम आंकलन है कि केंद्र सरकार अपने ही बल पर यूबीआईएस को लागू कर सकती है। वित्तमंत्री ने जो छोटे किसान को सीधे रकम देने का वायदा किया है, उसका विस्तार करना चाहिए। कांग्रेस को भयग्रस्त होकर यूबीआईएस को केवल गरीबों पर लागू करने के स्थान पर सम्पूर्ण जनता पर लागू करना चाहिए।

लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।

## ज्ञान गंगा

# आतंकवाद

ओशो/ मनुष्य को और मनुष्यता को सभी धर्मो ने मिलकर मार डाला है। बचपन से ही सिखाया जाता है कि हमारा धर्म ही दुनिया का सर्वश्रेष्ठ धर्म है, जबकि ऐसा कहने वाले खुद अपने धर्म को नहीं जानते। उन्होंने तो जो मुल्लाओं और पंडितों से सुन रखा है उसे ही सच मानते हैं। राजनीतिज्ञ धर्म का उपयोग करना अच्छी तरह जानता है, और कट्टरपंथी लोग भी राजनीतिज्ञों का उपयोग करना सीख गए हैं। धर्म का आविष्कार लोगों को कबीलाई संस्कृति से बाहर निकाल कर सभ्य बनाने के लिए हुआ था लेकिन हालात ये हैं कि यही धर्म हमें फिर से असभ्य होने को मजबूर कर रहा है। सोवियत संघ के पतन के पूर्व 1986 में ओशो ने भविष्यवाणी की थी कि आतंकवाद विकराल रूप धारण करने वाला है। भविष्य में झांकते हुए कहा था कि ध्यान रहे, आतंकवाद बमों में नहीं है, किसी के हाथों में नहीं है, तुम्हारे अवचेतन में है। इसका उपाय नहीं किया गया तो हालात बदतर से बदतर होते जाएंगे। और लगता है कि सब तरह के अंधे लोगों के हाथों में बम हैं। वे अंधाधुंध फेंक रहे हैं। हवाई जहाजों में, बसों और कारों में, अजनबियों के बीच..अचानक कोई आकर तुम पर बंदूक दाग देगा। और तुमने उसका कुछ बिगाड़ा नहीं था। ये वाक्य आज अक्षरक्ष- सही साबित हो गए कि..अचानक कोई आकर तुम पर बंदूक दाग देगा। और तुमने उसका कुछ बिगाड़ा नहीं था (फिर भी)। आतंकवाद के लिए ओशो पूरे समाज को दोषी मानते हैं। समाज बिखर रहा है। जल्द ही राजनीतिज्ञों और कंटरपंथियों की वजह से असंतोष चरम पर होगा। कोई भी धर्म आपको किसी भी तरह की राजनीति या सामाजिक व्यवस्था में धकेलता है तो धर्म कैसे हो सकता है? दुनिया के तथाकथित संगठित धर्म सेक्स, भय, और लालच के आधार पर खड़े किए गए हैं। ईसा मसीह और ईसाई धर्म में बहुत फर्क है। बुद्ध ने कहा था कि मेरी कोई मूर्ति मत बनाना लेकिन दुनिया में सर्वाधिक मूर्तियां उनकी ही हैं। हजरत मोहम्मद साहिब ने कभी नहीं कहा कि इस्लाम के लिए निदरेषों की हत्या करो। जब से राजतंत्रों का खात्मा हुआ, राजनीति सभ्य होने के बजाय और संगठित रूप से मानव जाति का शोषण करने में कुशल हो गई है। आप लोगों को जब तक किसी दूसरे धर्म या राष्ट्र के खतरे के प्रति भयभीत नहीं करोगे, तब तक वे आपके समर्थन में नहीं होंगे। किसी भी देश का राजनीतिक दल हो या धर्म, इसी आधार पर समर्थन जुटाता है कि तुम असुरक्षित हो। मुल्क या धर्म खतरे में है।




# आज का राशिफल

**मेष** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। वाणी की सौम्यता बनाये रखने की आवश्यकता है।

**वृषभ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। धन हानि की संभावना है।

**मिथुन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे। भारी व्यय का सामना करना पड़ सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कर्क** व्यावसायिक व पारिवारिक योजना सफल होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। फिजूल खर्ची पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

**सिंह** व्यावसायिक योजना सफल होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। वाद विवाद की स्थिति आपके हित में न होगी। मकान, सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा।

**कन्या** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समय गुजरेगा। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला** आर्थिक योजना को बल मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी से तनाव मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे। धन लाभ होने के योग हैं।

**वृश्चिक** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी रखें। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**धनु** आर्थिक दिशा में प्रगति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मकर** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयास सफल होंगे। वाणी की सौम्यता आपको लाभ दिलायेगी। भारी व्यय का सामना करना पड़ सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**कुम्भ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। खान-पान में संयम रखें। जीविका की दिशा में प्रगति होगी। विरोधी परास्त होंगे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

**मीन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। मित्रों या रिश्तेदारों से पीड़ा मिलेगी। नेत्र विकार की संभावना है। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

# कार्य-संस्कृति पर बहस जरूरी

**मुद्दा/ अभिषेक कुमार**

दुनिया में आए हो तो काम करो प्यारे, झुक-झुक कर सबको सलाम करो प्यारे'-एक पुरानी हिंदी फिल्म के इस गीत का तकाजा यही है कि यह जीवन बिना कोई काम किए नहीं चलता। काम अगर नौकरी हो तो झुकना पड़ता है। इधर, काम के दबावों का एक जिक्र चीन की ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा के मालिक जैक मा के नये आह्वान के संदर्भ में उठा है। दुनिया के सबसे बड़े बिजनेसमैन की लिस्ट में शामिल जैक मा ने हाल में कहा है कि आठ घंटे की परंपरागत शिफ्ट काम करने वालों की उनकी कंपनी में कोई जगह नहीं है, बल्कि इसकी बजाय उन्होंने ''996 फॉर्मूला' दिया है। यानी उनके वर्कर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक, हफ्ते में 6 दिन काम करें। भारत की तरह चीन एक आबादी बहुल मुल्क है। वहां बेरोजगारी के मारों की तादाद भी कम नहीं होगी। इसलिए वहां लोग 996 वर्क कल्चर बर्दाश्त करने को मजबूर हो सकते हैं। हालांकि इसे लेकर वहां भी सवाल उठ रहे हैं। लेकिन जापान जैसे देश में तो खुद जनता पर ही काम का जुनून सवार रहा है। इस हद तक है कि ज्यादा काम करने से वहां मौतें होती हैं। वहां इसके लिए एक शब्द ''कारोशी' ईजाद किया गया। इसका मतलब है ''काम के बोझ से मौत'। वहां ''कारोशी' से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को सालाना 20 हजार डॉलर घर खर्च के लिए मिलते हैं। जिस कंपनी का वह कर्मचारी था, वह कंपनी भी उसके परिवार को 16 लाख डॉलर का मुआवजा देती है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में जापान में काम के बोझ से मरने वालों की तादाद 2310 जा पहुंची थी। यह आंकड़ा स्वास्य मंत्रालय का था। वहां की नेशनल डिफेंस काउंसिल फॉर विक्टिम्स ऑफ करोशी के मुताबिक अब जापान में हर साल 10 हजार लोग कारोशी से मारे जाते हैं। बेशक, कारोबारियों के लिए यह फायदे की बात है कि बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई के डर से लोग औसत घंटों से ज्यादा काम करने को तैयार हो जाएं। मंदी की आशंका ने कारोबारियों को इसके लिए प्रेरित किया है कि अपने कर्मचारियों पर काम का ज्यादा बोझ लादें। पर इसकी कितनी बड़ी कीमत लोग चुकाते हैं, इसका अंदाजा शायद उन्हें नहीं है। असल में, मौजूदा वक्त में कामकाजी दुनिया की सबसे बड़ी समस्या कर्मचारियों में काम के दौरान बढ़ते तनाव और नींद की कमी के रूप में पैदा हो गई है। इससे युवा कर्मचारियों तक की सेहत पर असर पड़ रहा है और वे हार्ट की बीमारियों, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की चपेट में आ रहे हैं। नींद की कमी से तनाव, चिड़िचड़ापन होना और रोगों से लड़ने की शक्ति में कमी होना आम हो गया है। बदलती कार्य संस्कृति के चलते बेशक तमाम निजी संस्थान सरकारी संस्थानों के मुकाबले में आ खड़े हुए हैं, या उनसे मीलों आगे निकल गए हैं। पर जो लोग दिन में सात-आठ घंटे से ज्यादा काम करते हैं, डॉक्टरों के मुताबिक उनके शरीर के साथ-साथ दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसे लोगों के स्ट्रेस यानी तनाव का लेवल बहुत ज्यादा होता है, थकान और चिड़िचड़ेपन के कारण परिवार को समय नहीं दे पाते हैं। उनकी लाइफ स्पैन यानी लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना कम हो जाती है। सवाल है कि आखिर, किसी नौकरी में काम के घंटे का आदर्श पैमाना क्या है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग मानक हैं। कुछ ही समय पहले न्यूजीलैंड की एक कंपनी ने अपने करीब 250 कर्मचारियों को हफ्ते में सिर्फ 4 दिन 8 घंटे की शिफ्ट में काम करने को कहा। बताया गया




कि इससे कर्मचारियों के तनाव में 16 फीसद कमी आई, वर्क-लाइफ बैलेंस में 44 फीसद सुधार हुआ और कर्मचारियों की क्रिएटिविटी, काम के प्रति लगन आदि में इजाफा हुआ। उल्लेखनीय यह कि इससे कंपनी की उत्पादकता में कोई गिरावट नहीं आई। दुनिया के अन्य देशों के उदाहरण यही बताते हैं कि वहां कर्मचारियों से औसतन आठ घंटे काम करने की अपेक्षा की जाती है, हालांकि इसके बदले में भी उन्हें कई सहूलियतें देने की कोशिशें होती रहती हैं। जैसे दो साल पहले यूरोपियन कोर्ट ऑफ जस्टिस ने एक फैसले के तहत ऑफिस आने-जाने में लगने वाले समय को भी वर्किंग टाइम में शामिल कर लिया था ताकि कर्मचारियों की सेहत और सुरक्षा का ख्याल रखा जा सके। संदेह नहीं कि जैक मा ने ''996 फॉर्मूला' देकर खराब परंपरा का संकेत दिया है। यह खुद जैक मा और उन जैसे लोगों को सोचना होगा कि कोई कंपनी तभी चल और दौड़ सकती है, जब उसके कर्मचारियों में जोश हो। वे तनावमुक्त और सेहतमंद होकर अपनी सेवाएं कंपनी को दे सकें।

# ईरान से तेल आयात पर अमेरिका की धमकी, भारत ने कहा- कर लेंगे भरपाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

अप्रैल के बाद ईरान से तेल आयात जारी रखने वाले देशों पर पाबंदी की अमेरिकी धमकी के बीच भारत ने कहा कि वह अपनी कच्चे तेल की भरपाई बड़े तेल उत्पादक देशों से आयात बढ़ाकर करेगा। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ट्वीट कर ईरान से तेल आयात रुकने पर होने वाली कमी की भरपाई की योजना बताई। उन्होंने ट्वीट किया, सरकार ने भारतीय रिफाइनरियों को पर्याप्त मात्रा में कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी योजना बनाई है। दूसरे बड़े तेल उत्पादक देशों से अतिरिक्त आपूर्ति होगी। भारतीय रिफाइनरियां देश में पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की मांग पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दरअसल, अमेरिका ने भारत समेत 8 देशों को 6 महीने तक ईरान से सीमित मात्रा में तेल आयात की छूट दी थी। इनमें ज्यादातर एशियाई देश हैं लेकिन सोमवार अमेरिका ने भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, तुर्की आदि देशों को 1 मई से ईरान से तेल आयात रोकने को कहा। इस खबर पर भारतीय शेयर बाजार में खलबली मच गई और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 495 अंक टूट कर बंद हुआ। अमेरिका राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान से तेल आपूर्ति घटने की स्थिति में सऊदी अरब और पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के अन्य सदस्यों को ज्यादा उत्पादन करना होगा। दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक सऊदी अरब ने कहा कि वह कच्चे तेल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए।

# 20 हजार से ज्यादा कैश ट्रांजैक्शन करने वालों को मिला टैक्स नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में तय नियम से ज्यादा कैश ट्रांजेक्शन करने वालों को इनकम टैक्स विभाग ने नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक विभाग ने ऐसे करीब 27 हजार लोगों की पहचान की है। इनकम टैक्स जांच में 26,830 मामले सामने आए हैं। करीब 7,000 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश ट्रांजैक्शन हुआ। सभी मामले वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान के हैं। वहीं 5 लाख से ज्यादा कैश लेनदेन के करीब 10,000 मामले सामने आए हैं। आईटी एक्ट धारा 271 के मुताबिक कैश के बराबर जुर्माना लग सकता है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में 20,000 से ज्यादा कैश लेनदेन पर पाबंदी है। दिल्ली में करीब 2000 और हैदराबाद के 1700 मामले सामने आए है । अगर 20,000 रुपए से ज्यादा का कैश ट्रांजैक्शन किया है तो मुश्किल में फंस सकते हैं क्योंकि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आप पर भारी जुर्माना लगा सकता है। इनकम टैक्स विभाग के सेक्शन , 269 के तहत अगर कोई 20,000 रुपए से ज्यादा का कैश ट्रांजैक्शन करता है तो उसे उतने ही अमाउंट का जुर्माना लगेगा। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट टैक्स के नियमों को लेकर आम आदमी को समय-समय पर जागरूक करता रहता है। इसी के तहत विभाग ने साफ किया है कि आप घर खरीदने व बेचने के दौरान 20,000 से ज्यादा का कैश में लेन-देन नहीं कर सकते। आयकर विभाग ने इस संबंध में एक एडवायजरी भी जारी की है। अगर आप इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से जारी नियमों का पालन नहीं करते हैं, ।

तो आप पर कार्रवाई हो सकती है। दोषी पाए जाने पर आयकर विभाग आप पर इसके लिए पेनल्टी वसूल सकता है। 20 हजार रुपए से ज्यादा का कैश लेने पर आयकर विभाग ने कई तरह के नियम बनाए हुए हैं।

# पीएंडजी ने की 250 करोड़ रुपए की मुनाफाखोरी, जीएसटी में कमी का फायदा ग्राहकों को नहीं दिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

एफएमसीजी कंपनी प्रॉक्टर एंड गेम्बल (पीएंडजी) ने 250 करोड़ रुपए की मुनाफाखोरी की। कंपनी ने जीएसटी की दरें कम होने का पूरा फायदा ग्राहकों को नहीं दिया। जीएसटी की शाखा ने जांच में पीएंडजी को दोषी पाया है। एक शिकायत के आधार पर जीएसटी की कमेटी डायरेक्टरेट जनरल ऑफ एंटी-प्रॉफिटीयरिंग (डीजीएपी) ने पीएंडजी के 15 नवंबर 2017 के बाद के बही-खातों की जांच की थी। इसमें पाया गया कि कंपनी जो उत्पाद बेचती है उनमें कुछ प्रोडक्ट पर 15 नंवबर 2018 से जीएसटी की दर 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गई थी। इसके बावजूद पीएंडजी ने रेट कम नहीं किए। डीजीएपी कंपनी का पक्ष जानने के बाद आखिरी आदेश जारी करेगी। पीएंडजी के उत्पादों में एरियल और टाइड वॉशिंग पाउडर, हेड एंड शोल्डर्स और पेंटीन शैंपू, कॉस्मेटिक ब्रांड ओले, शेविंग प्रोडक्ट जिलेट और टूथपेस्ट ओरल-बी शामिल हैं।

एंबी प्योर, पैम्पर्स, विक्स और व्हिसपर भी पीएंडजी के ही प्रोडक्ट हैं। इस तरह के 178 उत्पादों पर जीएसटी काउंसिल ने 15 नवंबर 2018 से जीएसटी की दर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी की थी। पीएंडजी का कहना है कि उसने ग्राहकों को नेट बेनेफिट ट्रांसफर करने की प्रक्रिया का पालन किया। कंपनी डीजीएपी को सहयोग करेगी और अपनी सफाई पेश करेगी।

# जेट एयरवेज: दिवाला कानून के तहत मिला पहला नोटिस

**जालंधर (एजेंसी)।**

जेट एयरवेज को अब दिवाला कानून के तहत नोटिस मिला है। पिछले हफ्ते कम्पनी के एक सर्विस प्रोवाइडर ने इनसॉल्वैंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 यानी दिवाला कानून के तहत नोटिस भेजकर कहा कि अगर कम्पनी 10 दिनों के अंदर बकाया नहीं चुकाती है तो वह उसके खिलाफ कॉर्पोरेट इनसॉल्वैंसी रैजोलूशन प्रोसैस शुरू करेगी। इससे जेट को कर्ज देने वाले बैंकों पर और दबाव बढ़ेगा, जो कम्पनी को बचाने के लिए वित्तीय निवेशक और रणनीतिक खरीदार की तलाश कर रहे हैं। जेट को यह नोटिस ऑप्रेशनल क्रैडिटर 'मिराडॉर' ब्रांड की तरफ से राजन राकेश एंड ब्रदर्स ने भेजा है। जेट पर उसका 25.68 लाख रुपए बकाया है। कम्पनी का कहना है कि उसे इस साल 2 जनवरी के बाद से जेट ने कोई भुगतान नहीं किया है। अगर नैशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल (एन.सी.एल.टी.) राजन राकेश एंड ब्रदर्स की याचिका को दिवाला कानून के तहत स्वीकार कर लेता है तो जेट को कर्ज देने वाले बैंकों को निवेशकों के साथ सौदा करने में दिक्कत हो सकती है। इतना ही नहीं इससे दूसरे ऑप्रेशनल क्रैडिटर्स भी दिवाला कानून के तहत बकाए की मांग शुरू कर सकते हैं।

इस मामले से वाकिफ एक सूत्र ने बताया कि ऐसी स्थिति में बैंकों को जेट को बकाएदारों का पैसा लौटाने में मदद करनी होगी या उन्हें दिवाला कानून के तहत लोन रिकवरी की प्रक्रिया टालने का अनुरोध करना होगा। अगर एन.सी.एल.टी. उनका अनुरोध स्वीकार नहीं करता है तो बैंकों की परेशानी बढ़ सकती है। वैसे भी निवेशक बैंकों से जेट की हिस्सेदारी कम दाम में बेचने की मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### आईसीआईसीआई -वीडियोकॉन मामला: ईडी ने चंदा कोचर, उनके पति को किया तलब

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को समन जारी कर अगले हफ्ते यहां तलब किया है। ईडी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि चंदा कोचर को 3 मई को तलब किया गया है जबकि दीपक और उनके भाई राजीव को 30 अप्रैल को मामले के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज करने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि चंदा कोचर समेत अन्य को पिछले हफ्ते समन भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच अधिकारी को जांच आगे बढ़ाने के लिए उनकी जरूरत है। इसके अलावा उन्हें निजी और आधिकारिक वित्तीय जानकारी से जुड़े कुछ दस्तावेज लाने को भी कहा गया है। बैंक कर्ज मामले में एक मार्च को छापेमारी के बाद भी प्रवर्तन निदेशालय ने चंदा कोचर और उनके पति से ईडी के मुंबई कार्यालय में पूछताछ की थी। ईडी ने चंदा कोचर, उनके परिवार और वीडियोकॉन समूह के वेणुगोपाल धूत के मुंबई और औरंगाबाद ठिकानों पर छापेमारी की थी। प्रवर्तन निदेशालय ने इस साल की शुरुआत में चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर, धूत और अन्य के खिलाफ आईसीआईसीआई द्वारा वीडियोकॉन समूह को 1,875 करोड़ रुपए के ऋण को मंजूरी देने के मामले में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की जांच के लिए पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया था।

### स्टेट बैंक की इलेक्ट्रिक वाहन कर्ज पर ब्याज में 0.20 प्रतिशत छूट की पेशकश

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को ब्याज में 0.20 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। इस पहल का मकसद इलेक्ट्रिक वाहन खंड को बढ़ावा देना है। उद्योग के आंकड़े के अनुसार 2018-19 में 36 लाख कारों में से इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी करीब 1,000 सालाना है। दो पहिया वाहनों को मिलाकर यह आंकड़ा 54,000 सालाना रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की कई नीतियों के बावजूद इस खंड में मांग जोर नहीं पकड़ पा रही है। एसबीआई के प्रबंध निदेशक (खुदरा और डिजिटल बैंकिंग) पी के गुप्ता ने कहा, ''हमे भरोसा है कि एसबीआई ग्रीन कार कर्ज (इलेक्ट्रिक वाहन) योजना वाहन ऋण खंड में बदलाव की अगुवा बनेगी तथा ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन की मांग बढ़ाने में मदद करेगी ...। इसके तहत ग्राहकों को आठ साल तक के लिए कर्ज दिया जाएगा। योजना शुरू होने के पहले छह महीने में प्रसंस्करण शुल्क नहीं लगेगा।

### हवाई यात्रियों को बड़ी राहत,एयरवेज ने 70 फीसदी कम किया एयरफेयर

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज के अस्थाई रुप से बंद होने के कारण फ्लाइट्स के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में मलेशियाई विमान सेवा कंपनी एयर एशिया ने भारतीय यात्रियों को बड़ी राहत दी है। उन्होनें भारत से अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों पर जाने वाले यात्रियों के लिए 28 अप्रैल तक टिकट बुक करने पर 70 फीसदी तक की छूट की पेशकश की है। सोमवार को एयर एशिया ने ऑफर किया है कि अंतरराष्ट्रीय यात्री एक अक्टूबर 2019 से दो जून 2020 तक की टिकट की बुकिंग 22 से 28 अप्रैल के बीच करवा सकते हैं। कंपनी का कहना है कि बेंगलुरु, भुवनेश्वर, कोलकाता, कोच्चि, चेन्नई, त्रिचि, विशाखापत्तनम्, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, अमृतसर और हैदराबाद जैसे भारतीय शहरों से क्वालालम्पुर और बैंकॉक जैसे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की टिकट बुक कराने पर यात्रियों को 70 फीसदी तक की छूट मिल सकती है। 31 मई से एयर एशिया कंपनी अहमदाबाद से बैंकॉक की उड़ान शुरू कर रही है। जेट एयरवेज बंद होने से हवाई टिकटों की औसत कीमतों में 10 से 15 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। जिसके बाद घरेलू मार्गों पर चलने वाली एयरलाइंस के किराए में तेज उछाल आया है।

### देश में 12 और परमाणु संयंत्र जल्द - डीएई प्रमुख

**मुंबई ।** देश में जल्द ही 12 और परमाणु संयंत्र लगाए जाएंगे, ताकि बिजली की स्थिति में सुधार हो और उद्योगों और आवासीय प्रयोग के लिए बिजली की अबाधित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के सचिव के. एन. व्यास के हवाले से सोमवार को विभाग द्वारा जारी बयान में यह जानकारी दी गई। व्यास भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने हाल ही में रूस के सोच्ची में रोस्टम स्टेट एटॉमिक इनर्जी कॉर्पोरेशन द्वारा प्रायोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय फोरम एटमएक्सपो 2019 में भाग लिया था। उनके हवाले से कहा गया, परमाणु प्रौद्योगिकी विविध उपयोगों के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने में मदद करती है और यह स्वच्छ प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का एक अपूरणीय स्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय परमाणु कार्यक्रम के संस्थापक होमी जहांगीर भाभा ने परिकल्पना की थी कि परमाणु तकनीक बहुत ही आवश्यक होने वाली है और ना सिर्फ बिजली के क्षेत्र में, बल्कि अन्य क्षेत्रों में जीवन की बेहतरी के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है।

## चैनल चुनने की सुविधा नहीं देने वाली केबल व डीटीएच कंपनियों पर शिकंजा कसा, होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने नए नियमों का पालन नहीं करने वाले केबल टीवी और डीटीएच (डायरेक्ट टू होम) सेवा देने वाली कंपनियों को सोमवार को चेतावनी दी। नियामक ने कहा कि जो भी नए शुल्क आदेश तथा नियामकीय व्यवस्था का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना होगा। ट्राई उन कंपनियों के मामले में जल्दी ही ग्राहकों के लिए सेवा प्रबंधन तथा अन्य आईटी प्रणाली की आडिट भी शुरू करेगा, जो नियामकीय व्यवस्था का उल्लंघन कर रहे हैं।दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के चेयरमैन आर एस शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं की रूचि तथा हित सर्वोपरि है और उससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जो कंपनियों नियमों का पालन नहीं कर रही, उन्हें उसका परिणाम भुगतना होगा। शर्मा ने कहा कि हमें ग्राहकों को हो रही असुविधा के बारे में शिकायतें मिली हैं। ये शिकायतें साफ्टवेयर तथा प्रणाली से जुड़ी हैं जिसे वितरकों ने रखा हुआ है। इससे ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार विकल्प नहीं मिल रहे जबकि पूरी रूपरेखा का मकसद यही है।

# दूरसंचार विभाग ने तैयार किया कैबिनेट नोट का मसौदा, 4जी स्पेक्ट्रम आवंटित करेगी बीएसएनएल और एमटीएनएल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

नकदी संकट में जूझ रही दूरसंचार विभाग की सरकारी कंपनी बीएसएनएल और एमटीएनएल को 4जी स्पेक्ट्रम आवंटित करने मसौदा भेजा गया है। दोनों में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना को लागू करने के बारे में परामर्श के लिए कैबिनेट नोट का मसौदा कई मंत्रालयों को भेजा है। एक अधिकारी ने कहा है कि विभाग ने इन प्रस्तावों पर विभिन्न मंत्रालय से उनकी टिप्पणियां मांगी हैं। इस पर कुछ प्रमुख मंत्रालयों से टिप्पणियां मिलने का इंतजार है। दूरसंचार कंपनियों में बीएसएनएल पर सबसे कम 14,000 करोड़ रुपए का कर्ज है। कंपनी ने पूरे देश के लिए सरकार से 7,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश के माध्यम से 4जी स्पेक्ट्रम मांगा है। कंपनी को 4जी स्पेक्ट्रम की लागत 14,000 करोड़ रुपये पड़ेगी। दोनों सरकारी कंपनियों पर सरकारी कर्मचारियों के वेतन का बोझ ज्यादा है क्योंकि इनके गठन के समय बड़ी संख्या में दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को इनमें भेजा गया था। देशभर में बीएसएनएल के कर्मचारियों की संख्या 1.76 लाख और एमटीएनएल की 22,000 है। दोनों कंपनियों ने गुजरात मॉडल के आधार पर अपने कर्मचारियों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए कहा है। गुजरात मॉडल के तहत स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारी को उसकी अब तक की सेवा के प्रत्येक वर्ष के हिसाब से हर साल के 35 दिन और बची हुई सेवा के सालों के लिए हर साल के 25 दिन के हिसाब से वेतन दिया जाता है।

# 54 महीनों के बाद देश की एयर ट्रैवल ग्रोथ रुकी !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारत का घरेलू एयर ट्रैवल की ग्रोथ 52 महीनों तक दहाई और फिर 2 महीने तक इकाई अंक में बढ़ने के बाद अब फ्लैट रही है। मार्च 2019 में देश में 1,15,96,000 घरेलू यात्रियों ने सफर किया जो कि पिछले साल इसी महीने सफर करने वाले 1,15,80,000 यात्रियों की तुलना में सिर्फ 0.1 प्रतिशत ज्यादा है। ऐसा देश में प्लेन के अचानक बंद हो जाने के चलते हुआ है। 13 मार्च को स्पाइस जेट ने 13 बोइंग 737 मैक्स विमान बंद कर दिए थे।

इसी महीने जेट एयरवेज को अपने 35 विमान बंद करने पड़े थे। सभी घरेलू हवाई यात्रियों में से एक तिहाई हवाई यात्रियों ने कम दाम वाली कैरियर्स से यात्रा की। हालांकि, इस साल मार्च में भारतीय एविएशन इंडस्ट्री में पहली बार 76.9 प्रतिशत घरेल यात्रियों ने बजट एयरलाइंस में सफर किया। बाकी के 23.1 प्रतिशत यात्रियों ने एयर इंडिया, जेट और विस्तारा के साथ सफर किया। फ्लाट्स की घटती क्षमता के चलते हवाई किराए बढ़े और इसके चलते कम लोगों ने हवाई यात्रा का विकल्प चुना। कैंसलेशन की बात करें तो मार्च 2019 के डीजीसीए डेटा से पता चलता है 2.7 लाख घरेलू यात्रियों ने अपनी फ्लाइट्स छोड़ दीं। जिन यात्रियों की फ्लाइट्स सबसे ज्यादा कैंसल हुईं उनमें स्पाइस जेट (2.3 लाख यात्री) और जेट एयरवेज (26,185 यात्री) शामिल हैं। फ्लाइट्स रद्द होने का परिणाम यह हुआ कि कम लोगों ने हवाई सफर का विकल्प चुना। पिछले 5 सालों में भारतीय एविएशन इंडस्ट्री ने ऐसी ग्रोथ का सामना किया। 2018 की शुरुआत में तेल की कीमतें कम हुई थीं और एयरलाइंस ने किराया घटाते हुए हवाई सफर को ज्यादा किफायती बनाया था। अक्टूबर 2018 एविएशन इंडस्ट्री के लिए लगातार ऐसा 50वां महीना रहा था जबकि ग्रोथ दोहरे अंकों में देखी गई थी। इन महीनों में सबसे ज्यादा ग्रोथ करीब 30 प्रतिशत 2015-16 के कुछ महीनों में हुई लेकिन पिछले कुछ महीनों में देखा गया है कि जेट फ्यूल की महंगाई, रुपए में गिरावट और कम क्षमता जैसे कई कारणों के चलते एयरलाइंस किराया बढ़ा रही हैं। इसके चलते ही ग्रोथ रेट में गिरावट हो रही है लेकिन फिर भी इसने एक संतोषजनकल स्तर कायम रखा था। दिसंबर 2018 आखिरी महीना था जबकि यह ग्रोथ दहाई के अंकों में रही। इस महीने में कुल 1.3 करोड़ घरेलू यात्रियों ने हवाई सफर किया जो पिछले साल 2018 की तुलना में 12.9 प्रतिशत ज्यादा था। जनवरी और फरवरी में, घरेलू ग्रोथ रेट क्रमशः 9.1 प्रतिशत और 5.6 प्रतिशत रही। लेकिन बोइंग 737 मैक्स के बंद होने और जेट संकट ने ग्रोथ को पूरी तरह रोक दिया है। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एविएशन मार्केट के लिए पिछला काफी समय ग्रोथ के लिहाज से बेहतर साबित हुआ था।

अब जबकि जेट बंद हो चुकी है और इसके दोबारा चालू होने की उम्मीद इसकी बिक्री प्रक्रिया पर निर्भर है। सरकार दूसरी एयरलाइंस से अपने एयरक्राफ्ट की आवाजाही बढ़ाने को कह रही है ताकि जेट एयरवेज के बंद होने से खाली हुए गैप को भरा जा सके।

## रिलायंस की ई-कॉमर्स बाजार में एंट्री से ऑनलाइन रिटेल बिजेनस बड़ा होगा: फ्लिपकार्ट सीईओ

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी रिलायंस ई-कॉमर्स के क्षेत्र में भी कदम रखने जा रही है। कंपनी का कहना है कि जैसे जीयों ने मार्किट में धमाकेदार एंट्री के साथ दूरसंचार क्षेत्र को हिलाकर रख दिया था। वैसे ही रिलायंस देश के ई-कॉमर्स क्षेत्र में बड़े उलटफेर कर देगा। इस क्षेत्र की दिग्गज फ्लिपकार्ट और अमेजॉन को टक्कर देगा। हालांकि, फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति की इस बारे में सोच कुछ अलग है। केंद्र सरकार द्वारा फरवरी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) के लिए नियमों को सख्त करने के बाद भारत में ऑनलाइन रिटेल की पहुंच बहुत कम हो गई है। इसका आकार फैलाने के लिए इसकी राह में आने वाली कुछ दिक्कतों को दूर करने की जरूरत होगी। एक्सक्लूसिव साक्षात्कार में कृष्णमूर्ति का कहना है कि हमारा मानना है कि अगर इस क्षेत्र में ज्यादा खिलाड़ी होंगे तो इससे बाजार और बड़ा होगा। यह सभी हितधारकों जैसे किराना स्टोर्स, छोटे और मध्यम आकार के मर्चेंट्स और उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी होगा। इन सभी हितधारकों को क्षेत्र में नित । दुनिया के 13वें सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी इस साल के अंत में अपनी ऑनलाइन रिटेल कंपनी लॉन्च कर ऑनलाइन रिटेल मार्केट में खलबली मचा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस ग्रुप ने अपने ब्रांड को फ्लिपकार्ट और अमेजॉन सहित अपने संभावित प्रतिद्वंद्वियों के ऑनलाइन मार्केटप्लेस से हटाना शुरू कर दिया है। मॉर्गन स्टेनली के अनुमान भारतीय ई-कॉमर्स बाजार में जेफ बेजॉस की अमेजॉन और फ्लिपकार्ट दो दिग्गज कंपनियां कारोबार कर रही हैं । वर्ष 2027 तक इनका कारोबार 200 अरब डॉलर को छू सकता है। तेल से लेकर रिटेल तक का कारोबार करने वाली कंपनी के लिए रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल के जरिये ई-कॉमर्स का फायदा उठाने का माकूल मौका है।

# 10 रुपए में खोलें पोस्ट ऑफिस का खास अकाउंट, बचत खाते से ज्यादा मिलेगा ब्याज

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।**

क्या आप जानते हैं कि बैंकों के साथ-साथ पोस्ट ऑफिस में भी रिकरिंग डिपॉजिट अकाउंट खोला जा सकता है। आपको बता दें कि पोस्ट ऑफिस में अकाउंट खुलवाकर आपको काफी फायदा होगा। पोस्ट ऑफिस में अकाउंट खलवाने पर आप अपनी बचत पर ज्यादा ब्याज (मुनाफा) पा सकते है। पोस्ट ऑफिस में इन्वेस्टमेंट स्कीम काफी फायदेमंद है। इस स्कीम को फायदेमंद इसलिए भी माना जाता है, क्योंकि पोस्ट ऑफिस में इन्वेस्ट किए हुए पैसे की सुरक्षा की गारंटी सरकार लेती है। इस स्कीम का लाभ कम सैलरी वालों के साथ-साथ ज्यादा इनकम वालों को भी मिल सकता है। इस स्कीम की खास बात यह है कि आप सिर्फ 10 रुपये से भी निवेश शुरू कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में... बहुत से लोग ऐसे हैं, जिनकी मंथली सेविंग्स अगर कम होती है तो वे उसे बैंक की सेविंग अकाउंट में रखकर यह सोचते हैं कि उनकी बचत बढ़ रही है। लेकिन बचत खाते में रखे पैसे पर अमूमन घाटा ही होता है। ज्यादातर बैंक सेविंग अकाउंट पर 3.5 से 4 फीसदी तक ही ब्याज देते हैं, जो महंगाई दर के मुकाबले कम होता है। वहीं, दूसरा रास्ता बैंक एफडी है, जहां ब्याज तो ज्यादा है, लेकिन पैसा लंबे समय के लिए लॉक हो जाता है। ऐसे में सेविंग अकाउंट से दोगुना रिटर्न पाने के लिए पोस्ट ऑफिस की स्माल सेविंग स्कीम रेकरिंग डिपॉजिट यानी आरडी बेहतर विकल्प है। पोस्ट ऑफिस की 1 साल से 5 साल की आरडी स्कीम पर 6.9 फीसदी सालाना ब्याज मिल रहा है। सेविंग अकाउंट- अगर बैंक या पोस्ट ऑफिस के सेविंग अकाउंट में हर माह 2 हजार रुपये जमा करते हैं, तो 5 साल में आपका कुल निवेश 1.20 लाख रुपये होगा. वहीं, सालाना 4 फीसदी मिलने वाले ब्याज के हिसाब से 5 साल में आपका पैसा 1,35,191 रुपये हो जाएगा, यानी आपको ब्याज 15191 रुपये मिले। अगर आरडी में हर महीने 2 हजार रुपये तक जमा करते हैं तो 5 साल में आपका कुल निवेश 1.20 लाख रुपये हो जाएगा। वहीं आपको पोस्ट ऑफिस आरडी पर क्वार्टली कंपाउंडिंग पर सालाना 6.9 फीसदी फीसदी ब्याज मिलता है। इस लिहाज से आपके पैसे 5 साल में करीब 1,44,305 रुपये हो जाएंगे। यानी आपको 24305 रुपये अतिरिक्त मिले।

## भटार पंचशील नगर में रहने वाली किशोरी गायब

सूरत। मंगलवार को सूरत शहर पुलिस विस्तार के खटोदरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र किशोरी के गायब होने की फरियाद पुलिस में दर्ज की गयी है। पुलिस स्टेशन की सूचनानुसार ता. 26-3-2019 के दिन मूल वतन बड्खो रामपुर तालुका बिकाना जिला सुल्तानपुर (यू. पी) हाल निवासी 193 पंचशील नगर उधना मगदल्ला रोड़ स्थित रामचन्द्र गौतम की पुत्री रानी गैतम घर पर बिना किसी को कुछ बताए कही चली गयी है। उसने शरीर पर काले कलर का पंजाबी ड्रैंस पहन रखा है। शरीर पतला बांधा का श्याम पर्ण ऊंचाई 5'' है। जिस किसी को भी सूचना मिले नजदीक के पुलिस स्टेशन अथवा खटोदरा पुलिस स्टेशन को सूचित करे।

## खचाखच 32 पाडा भरे हुए टेम्पो के पलटने से 10 पाडा घटनास्थल पर ही मरे

### अकस्मात से बचे 22 पाडा को गौशाला में भेजा गया



सूरत। मंगलवार को सूरत के कडोदरा विस्तार स्थित मगनजी की वाड़ी के पास से कतलखाने ले जाये जा रहे 32 पाडा जो एक आइसर टेम्पो में लदे थे, टोम्पो पलटने से 10 पाडाओं की स्थल पर ही मौत हो गई। चालक फरार होने की स्थिति में घटना कड़ोदरा जी.आई.डी.सी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराने से पुलिस ने जांच कार्य संभाल लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पछिले दिन आइसर टेम्पो जी.जे-19 एक्स 4714 के चालक ने टेम्पों में खचाखच घास चारा एवं पानी की व्यवस्था किए बिना 32 पाड़ा (भैंस) कतलखाने ले जाने के लिए लादा था कड़ोदरा मगनजी की वाड़ी के पास चालक द्वारा पूरी गति से चलाते स मय टेम्पों पलट गया जिससे 32 पाड़ाओं में से 10 स्थल पर ही मर गये और टेम्पों ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने बाकी पाड़ाओं को मुक्त कराकर गौशाला में भेज दिया जबकि चालक के विरुद्ध ई.पी.को की कलम 279 तथा प्राणियों की संभाल अधिनियम एवं प्राणी वहन धारा की कलम का अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच सुरु कर कार्य शुरु कर दिया है।

## कांग्रेस ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए गुजरात की जनता के प्रति आभार जताया

अहमदाबाद । लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को गुजरात की 26 सीटों और विधानसभा की 4 सीटों उपचुनाव के लिए उत्साह और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के लिए प्रदेश कांग्रेस ने राज्य की जनता प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष परेश धानाणी ने कहा कि राज्य की सभी 26 सीटों पर भारी जन समर्थन और आशीर्वाद मिला है।

## गुजरात की 26 सीटों पर औसत 62.36 प्रतिशत मतदान

अहमदाबाद । लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को गुजरात की सभी 26 सीटों पर मतदान शाम छह बजे खत्म हो गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस मुरलीकृष्णा ने बताया कि राज्य की 26 लोकसभा और विधानसभा की 4 सीटों पर उपचुनाव का आयोजन किया गया। छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़ राज्यभर में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हो गया। शाम तक राज्य में औसत 62.36 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि दिन के दौरान चुनाव आयोग को दिन के दौरान 43 शिकायतें मिली हैं, जिसमें सबसे अधिक 11 शिकायतें अहमदाबाद से मिली हैं। जबकि जूनागढ़ मे 5, अमरेली में 4, दाहोद में 3 और जगहों से दो-दो शिकायतें मिली हैं। चुनाव आयोग को मीडिया, वाट्सएप समेत विभिन्न जरियों से शिकायतें मिली हैं, जिनका आगामी दिनों में निपटारा किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य के ज्यादातर मतदान केन्द्रों पर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

## लालगेट की दुकान में से नकद 9.41 लाख की चोरी बुरकाधारी व्यक्तियों ने की

सूरत। मंगलवार को लालगेट खांड बाजार मेन रोड़ के एक व्यापारी की दुकान में से नकदी रु. 9.41 लाख की चोरी कर`क बुरकाधारी व्यक्ति फरार हो गया जिससे लालगेट पुलिस स्टेशन में चकचार मच गयी है। पुलिस सूत्रों की सूचनानुसार मडाजण गोराट रोड़ रोयल हेरिटेज फ्लेट नं. 901 में साजिद बाबूभाई कापड़िया रहते है। उनकी एक दूकान लालगेट खांड बाजार मेन रोड़ पर भी है। गत दिनों उनकी दुकान के पिछले दरवाजे पर से दुकान में प्रवेश कर किसी साधन से ड्रावर खोलकर खाना में रखे भारतीय चलण के नोट 9.41 लाख की चोरी का बुरकाधारी फरार हो गया। इस घटना की सूचना लालगेट पुलिस को दी गयी जिससे उच्च पुलिस अधिकारियों का काफला घटना स्थल पर पहुंच गया पुलिस ने आई.पी.सी 380 के तहत केस दर्ज कर जांच की कार्यवाही शुरु कर दी है।

## पहले मतदान बाद में मां का अन्तिम संस्कार

**सूरत।** मंगलवार को वेसू रोड़ स्थित बडे सवेरे कपड़े के व्यापारी की वयोवृद्ध माता जी की मौत हो गई। जबकि उनके परिवार ने मतदान के बाद अपनी वयोवृद्ध माता का अग्निदाह करने का निर्णय लिया। जिससे बारा फरती परिवार के 50 सदस्यों ने मदतान किया ऐसा सुनने में आया जबकि दूसरी घटना में बाईक से गिर जाने से गंभीर रुप से घायल वृद्ध की देर रात मृत्यु हो गई थी जबकि उसके परिवार वालों ने वृद्ध का अन्तिम संस्कार करने के बाद मतदान करने के लिए जायेंगे ऐसी सुचना प्राप्त हुी है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वेसू विस्तार स्थित रतन ज्योति अपार्टमेन्ट में रहने वाले कपड़े के व्यापारी श्याम सुन्द्र अग्रवाल जी की माता सावित्री देवी का 92 वर्ष में बडे सवेरे 4,30 बजे पड़ी उम्र के कारण प्राकृतिक रुप से हुई जिससे उनके पुत्र श्याम सुनद्र अग्रवाल (60) वर्ष एंव परिवार ने तय किया कि मतदान पूर्ण होने के बाद 5.00 बजे माताजी की अन्तिम क्रिया करेंगे। इसके बाद पत्नी विमला देवी के साथ श्याम सुन्दर मतदान करने सपत्नी चले गए बाद में बारा फरती 50 जितने सदस्य मतदान करने के लिए गये माताजी की आखों का दान लोकदृष्टि चक्षु बैंक में किया गया।

## मोटर साइकल पर पीछे बैठी परिणीता का ढाई तोला सोने की चेन झपटा

सूरत। मंगलवार को सूरत शहर के खटोदरा पुलिस स्टेशन विस्तार में से गुजरते समय बाइक सवार के पीछे बैठी पत्नी के गले से ढाई तोला सोने की चेन कीमत लगभग 70,000 रुपये की लूटकर मोटर साइकल पर आये दो झपटमार फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट खटोदरा पुलिस स्टेशन में क्षेत्र होने से लूट का अपराध दर्ज कर पुलिसि ने जांच कार्यवाही शुरु कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार परवत पाटिया गंगा होटल के पास रुद्रमणी रेजीडेन्सी में दुर्गा देवी भगीरथ भाई राठी रहते है। उन्होंने अपने पति के साथ प्लेजर बाइक पर बैठ के खटोदरा विस्तार में से गुजर रही थी तभी मोटर सायकल पर आए दो अज्ञात व्यक्तियो ने पत्नी के गले से ढाई तोला की सोने की चैन लूट कर फरार हो गए खटोदरा पुलिस ने लूट की रिर्पोट दर्ज कर स्थल का निरीक्षण भी किया जांच की कार्यवाही जारी है।

## नवसारी एवं वलसाड बैठक पर ई.वी.एम. खराब होने की फरियाद

### टेक्निकल कमी के कारण मतदान प्रक्रिया में विलम्ब

**नवसारी।** मंगलवार को गुजरात की 26 बैठकों पर आज मतदान की प्रक्रिया दरम्यान नवसारी, वलसाड़ में ई.वी.एम. मशीन में गड़बड़ी होने से सुबह से ही लम्बी लाइनों में खड़े लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। सुबह ही लोगों ने मतदान के लिए जगह जगह लम्बी लाइने लगा रखी थी चुनावों में अभी महिलाए भारी संख्या में मतदान करने लगी है। कुछ विस्तारों में तो मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों से भी ज्यादा होती है। इस बीच मतदान की प्रक्रिया में ही नवसारी व वलसाड़ में ई.वी.एम. मशीन खराब हो गयी जिसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ा टेक्निकल खामी के कारण बूथ के लोगों ने भी तुरन्त ई.वी.एम बदलने की प्रक्रिया शुरु कर दी इस बीच लोगों को अपना मत देने में काफी विलम्ब का सामना करना पड़ा। वलसाड़ ही नहीं धरमपुर नानी वहिपाल गाम में ई.वी.एम खराब हुई थी बूथ नं. 3 में ई.वी.एम मशीन में खामी होने से जोनल अधिकारी ने भी मुलाकात ली थी।

# शान्तिपुर्ण वातावरण में सूरत लोकसभा संसदीय चुनाव सपन्न







### युवाधन, वयोवृद्ध नागरिकों ने सोल्लास, दिव्यांगों ने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतन्त्र के महापर्व में भागीदार बने

सूरत। मंगलवार गुजरात राज्य में 23 अप्रैल को आयोजित लोकसभा के संसदीय चुनाव 2019 के अन्तर्गत सूरत जिले में शान्तिपूर्ण वातावरण में मतदान प्रारम्भ हुआ था, जिला चुनाव अधिकारी एवं कलेक्टर डा. धवल पटेल ने सुबह नवसारी संसदीय मतदाता विभाग में समाविष्ट 165 मजूरा विधान सभा के अठवा लाइन्स स्थित नगर प्राथमिक शिक्षण समिति संचालित विद्यालय में तैयार किये गए मतदान केन्द्र-5 में अपनी धर्मपत्नी के साथ मतदान किया।

जिला चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा के चुनाव के समय असहय गर्मी के बीच भी मतदाताओं ने सुबह से ही लाइन लगाकर मतदान करते दिखे। 70 वर्षीय उम्र के वयोवृद्ध कान्ताबेन मनुभाई महेता जो घुटने में जोड़ों का दर्द होने से पीडित होने के बाद भी पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मतदान किया। स ामान्य तौर पर यूवा मतदाताओं से लेकर वयोवृद्ध एवं अशक्त मतदाताओं ने भी बड़े ही उत्साह से लोकतंत्र के महापर्व में बढ चढ कर हिस्सा लिया और अपने नागरिक धर्म का पालन करते हुए मतदान किया। 24 सूरत संसदीय मतक्षेत्र में सुबह कितने मतदान केन्द्र पर ई.वी.एम. की शिकायत मिलने पर जिला चुनाव अधिकारी एवं कलेक्टर धवल पटेल के मार्गदर्शन में चुनाव के साथ जुड़े स्टाफ द्वारा तुरन्त कार्यवाही का ई.वी.एम को बदल दिया गया।

24 सूरत संसदीय सीट के चुनाव अधिकारी डा. धवल पटेल की सूचनानुसार इस बैठक पर शान्तिपूर्ण वातारवण में मतदान हुआ, चुनाव पर्व पर युवाओं, महिलाओं, वयोवृद्ध दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साहपूर्ण मतदान किया सांय 5.00 बजे तक सूरत संसदीय सीट पर 60.35 प्रतिशत मतदान हुआ।

### राज्यभर में मतदान एक प्रकार से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

## गुजरात में प्रजातंत्र के महापर्व पर औसत ६३ फीसदी से ज्यादा मतदान

अहमदाबाद । गुजरात में तीसरे चरण की २६ लोकसभा सीटें और विधानसभा की ४ सीटों के उपचुनाव में मंगलवार को भीषण गर्मी, कुछ उत्साह बिना और अंतिम दो घंटे में भारी भीड़ के बाद एक प्रकार से शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ । गुजरात में मंगलवार को औसत ६२.३६ फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। जिसमें सबसे ज्यादा मतदान वलसाड में ७४.०९ फीसदी मतदान दर्ज किया गया, ज बकि सबसे कम मतदान अमरेली में ५३.७५ फीसदी दर्ज किया गया। इसके साथ लोकसभा की २६ सीटों के ३७१ उम्मीदवार और चार विधानसभा के लिए ४५ उम्मीदवारों के भावि इवीएम में कैद हो गए। पूरे मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस सहित के राज नीतिक पार्टियों में स्वाभाविक उत्तेजना और उत्साह माहौल देखने को मिला । राज्य के कई स्थलों पर इवीएम बंद होने की घटना को छोड़कर एक प्रकार से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के साथ प्रजातंत्र के महापर्व की प्रक्रिया संपन्न हुई। मंगलवार को राज्य में शहरी क्षेत्र की तुलना में राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक प्रकार से ज्यादा और उत्साहभरा मतदान देखने को मिला। जिसे लेकर भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार भी एक समय आश्चर्य में पड़ गये । गर्मी के प्रकोप की वजह से दोपहर के समय मतदान की गति धीमी होने के बाद शाम को चार बजे के बाद फिर एकबार मतदान में भारी भीड़ देखने को मिली और पिछले दो घंटे में ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। शाम को छह बजे तक राज्यभर में औसत ६३ फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया। अब २३ मई को परिणाम आयेगा। आज के मतदान की प्रक्रिया में पूरे दिन के दौरान ४३ शिकायतें दर्ज की गई थी । मंगलवार को सुबह में पीएम मोदी ने ट्वीट करके ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। पीएम मोदी ने मंगलवार को सुबह में राणिप की निशान स्कूल में मतदान करके प्रजातंत्र के महापर्व में भागीदार हुए होने का बताया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गांधीनगर सीट के उम्मीदवार अमित शाह ने परिवार के साथ मतदान किया। मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने अपनी पत्नी अंजली रुपाणी के साथ राजकोट के रैय्यारोड पर मतदान केन्द्र पर मतदान किया । सबसे कम मतदान जामनगर सीट पर और सबसे ज्यादा मतदान वलसाड में दर्ज किया गया है । कांग्रेस के मनहर पटेल ने चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई । गांधीनगर लोकसभा सीट पर तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों ने मतदान किया । मंगलवार को राज्य में शहरी क्षेत्र की तुलना में राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक प्रकार से ज्यादा और उत्साहभरा मतदान देखने को मिला । जिसे लेकर भाज पा-कांग्रेस के उम्मीदवार भी एक समय आश्चर्य में पड़ गये ।सौराष्ट्र में तलाजा के धारडी गांव में लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया । डांग के दावदहाड और धुबडीया गांव के मतदाताओं ने भी मतदान का बहिष्कार किया। वलसाड के धरमपुर में फर्जी मतदान हुए होने का आरोप लगाया गया। शुरूआत के समय में अहमदाबाद जिले में ३ ज गहों पर इवीएम बंद हो गये, जबकि वलसाड में धोबी तालाब, मेहसाणा में बूथ नंबर-९४ और संस्कार ज्योति स्कूल, वाघोडिया तहसील के सनोली, पाटण के सांतलपुर में, लुनीचाना, प्रांतिज के सलाल, धोलका, राजकोट के एस्ट्रोन क्षेत्र में ४ इवीएम और मातृमंदिर शाला, बारडोली के माणेकपोर में, गीर-सोमनाथ के वावडी,साबरकांठा के तलोद में, नवसारी के बीजलपोर में, वलसाड के फलधारा में सुबह से इवीएम बंद होने से मतदान में विलंब हुआ ।

## बारडोली हिदायत नगर वरली मटका के अड्डे पर पुलिस का छापा

### पुलिस ने 3 जुआरी पकड़े

सूरत। मंगलवार को बारडोली टाउन हिदायत नगर के खुल्ले मैदान में से वरली मटका का जुआ खेलते हुए तीन जुआरियों की गिरफ्तारी में कुल 43,900 रुपये के मुद्दामाल के साथ की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बारडोली हिदायत नगर स्थित हारुन भाई मंसूर, संजय नगर स्थित लिम्बा भाई पवार तथा बाबेन गाम स्थित प्रवीण भाई पाडवी ने मिल गत दोपहर लगबघ 3 बजे बारडोली टाउन हिदायत नगर स्थित मुम्बई से निकलने वाले वरली मटका के मिलन बाजार तथा टाइम बाजार के आंकड़ों पर पैसे लेकर हार जीत का जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने छापा मारकर जुआ के साधनों, सहित एवं बालपेन के साथ रोकड़ा, 42,900रु. दो नग मोबाइल मिलकर 43900 का मुद्दामाल कब्जे में लेकर तीनों आरोपियों के सामने जुआर धारा की कलम 12-ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच की कार्यवाही शुरु कर दी है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ऑफसेट एफपी. 149, प्लोट 26 खोडियार नगर, सिद्धीविनायक मंदिर के पास, (भाटेना) हॉ.सो. अंजना सूरत, गुजरात से मुद्रित, एवं 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **RNI.No. : GUJHIN/2018/75100, E-mail: krantisamay@gmail.com ( subject to surat jurisdiction)**